## महत्वपूर्ण एवं खास

### से गिरे बुजुर्ग की मौत

**जांजगीर-चांपा-रायपुर (आरएनएस)।** जिले के अर्जुनी गांव में सडक़ हादसे में बुजुर्ग की मौत हो गई। वहीं एक व्यक्ति की हालत गंभीर है। बताया जा रहा है कि बाइक अनियंत्रित होकर खेत में लगे खंभे से टकरा गई। घटना अकलतरा थाना क्षेत्र की है। बाइक सवार सावन दास (60) के सिर पर गंभीर चोट आई, जिस वजह से उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं पुनीराम को गंभीर हालत में बिलासपुर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार पुनीराम और सावन दास रिश्ते में मामा भांजा लगते हैं। दोनों एक बाइक में बैठकर खेतों को देखकर वापस अपने गांव अर्जुनी आ रहे थे। बाइक पुनीराम चला रहा था, इस दौरान तेज रफ्तार होने के कारण बाइक अनियंत्रित होकर खंभे से जा टकराई। अकलतरा पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### मंत्रालय संवर्ग के दो अधिकारियों को मिली नई पोस्टिंग

**रायपुर (आरएनएस)।** हाल में पदोन्नत मंत्रालय संवर्ग के अधिकारियों की नई पोस्टिंग शुरू हो गई हैं। आज जारी आदेश अनुसार अवर सचिव अजय तिर्की को स्कूल शिक्षा से नगरीय प्रशासन और डी एक्का को ग्रामोद्योग भेजा गया है।

### महिला से दुष्कर्म, आरोपी हिरासत में

**रायपुर (आरएनएस)।** देवपुरी में महिला से दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार देवपुरी निवासी 26 वर्षीय प्रार्थिया ने टिकरापारा थाना में शिकायत किया कि आरोपी अभिषेक दुबे 34 वर्ष ने प्रार्थिया को घर में अकेली पाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। प्रार्थिया की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर हिरासत में लिया है।

### कुटरचित कर कार को किया अपने नाम, ठगी का मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** जमानत कराने के नाम पर कार को अपने नाम पंजीकृत कर धोखाधड़ी करने का मामला प्र्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अनिल वर्मा 40 वर्ष न्यू राजेन्द्र नगर का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि जमानत कराने के नाम पर आरोपी मोहम्मद सुल्तान अहमद व मोहम्मद परवेज ने प्रार्थी के कार क्रमांक सीजी 04 एमजी 7755 के दस्तावेजों में हस्ताक्षर करवाकर अपने नाम करा लिया। जब प्रार्थी को इस बात की जानकारी मिली तो उसने इसकी शिकायत खमतराई थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### लोकतंत्र की हत्या का हत्यारा कौन मांग को लेकर लोकतंत्र सेनानी 26 को दिल्ली में देगें धरना

**रायपुर (आरएनएस)।** 26 नवम्बर को संविधान दिवस के अवसर पर लोकतंत्र सेनानी संघ लोकतंत्र की हत्या की हत्यारा कौन मांग को लेकर दिल्ली के जंतर मंतर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेगें। उक्त मांग को लेकर छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों से हजारों की संख्या में संघ के सदस्य पहुंचेगें। उक्त जानकारी प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकार वार्ता में भाजपा के प्रवक्ता सच्चिदानंद उपासने ने दी। उपासने ने पत्रकार वार्ता में बताया कि जब 1975 से 1977 के मध्य आपातकाल में संविधान की हत्या नही हुई थी आज कांग्रेसी संविधान की किताब हाथों में लेकर आडंम्बर नही कर रही है क्या। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी प्रतिवर्ष 25 जून को लोकतंत्र की हत्या दिवस घोषित किया है। लोकतंत्र सेनानी संघ प्रधानमंत्री से मांग करता है कि आपातकाल के दौरान जो भी घटनाएं हुई है उसकी जांच पडताल के लिए सुप्रीमकोर्ट के वरिष्ट न्यायाधीश से आयोग का गठन कर इमरजेंसी के काले चिट्ठे को जनता के समक्ष सामने लाए।

### चार जुआरियों से 51,050 रुपए जब्त

**बलौदाबाजार-रायपुर (आरएनएस)।** शराब बिक्री करने वाले असमाजिक तत्वों एवं जुआ, सट्टा जैसे अंवैधानिक कार्यों में लिप्त आरोपियों की धरपकड़ कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 25.11.2024 को थाना सिटी कोतवाली पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर भैंसापसरा बलौदाबाजार में जुआ खेलते हुए कुल 04 आरोपी जुआरिओं को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से 52 पत्ती ताश, नगदी 51,050 जप्त किया गया। आरोपी जुआरियों के विरूद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 13 जुआ एक्ट एवं छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिशेध अधिनियम 2022 की धारा 03(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया है।

# मनिहारी दुकान में काम करने वाला सेल्समैन बन गया सौ करोड़ की कंपनी का मालिक

- 10 करोड़ का फर्जीवाड़ा, छह और आरोपित किए गए नामजद
- टाप टेन लीडर पर भी लटक रही गिरफ्तारी की तलवार

**कोरबा ।** आरएनएस



देखते ही देखते दुकान में सेल्समैन का काम करने वाला अखिलेश सिंह 100 करोड़ से अधिक के टर्न ओवहर वाले कंपनी का मालिक बन गया। कल तक 12 वीं पास अखिलेश के इस कामयाबी की चर्चा रही और अब ठगी के मामले में गिरफ्तारी के बाद ठगी की परतें खुलते जा रहे। पुलिस ने अखिलेश के अलावा छह ओर लोगों को नामजद आरोपित बनाया है। धोखाधडी की इस मामले में अभी ओर कई लोगों के नाम जुडेंगे।

इमलीडुग्गू निवासी फ्लोरा मैक्स कंपनी के डायरेक्टर अखिलेश सिंह 38 वर्ष केवल 12 वीं पास हैं और तीन साल पहले एक मनिहारी की दुकान में सेल्समैन के रूप में काम करता था। इसके बदले उसे महज 10 हजार रूपये वेतन मिलता था। कोरोना काल में नौकरी चली गई और वह बेरोजगार हो गया। इस दौरान उसने यू ट्यूब चैनल में फ्लोरा मैक्स तैयार किया और खुद मैदानी स्तर पर काम करते हुए गांव-गांव घूम कर महिलाओं को आजीविका से जोडऩे की मुहिम चलाई। वर्ष 2000 में पहली बार उसने उरगा व सेमीपाली गांव में 10-10 महिलाओं का दो समूह तैयार किया और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का भरोसा दिला कर 30-30 हजार रूपये का लोन दिलाया। इस राशि फ्लोरा मैक्स कंपनी में निवेश किया। महिलाओं को लाभांश भी मिलने लगा। देखा- देखी उस क्षेत्र की महिलाएं फ्लोरा से जुडऩे लगी। एक साल के अंदर ही अखिलेश ने शहर के सिटी माल में 20 से 25 दुकानों को एक साथ किराए पर ले लिया और मार्ट की तर्ज पर कारोबार शुरू कर दिया।

कंपनी में निवेश करने वाली महिलाओं को यहां से कपड़े, खाद्य व सौंदर्य सामाग्री उपलब्ध कराया जाता था। कंपनी की तरफ से उपलब्ध कराए गए सामाग्री बेचने के एवज में महिलाओं को एक निश्चित राशि दी जाती थी। कंपनी की प्रसिद्धि बढ़ती गई और 37 हजार महिलाओं ने 110 करोड़ रूपये का निवेश किया। अचानक महिलाओं को निश्चित दिया जाने वाला राशि बंद हो गया और मामला पुलिस तक पहुंच गया। गिरफ्तार किए गए अखिलेश के बाद छह आरोपित अखिलेश के भाई राजू सिंह, भाभी गुडिया के साथ कंपनी को लीड करने वाली संतोषी साहू, तनिषा बघेल व बलराम ठाकुर को भी नामजद आरोपित पुलिस ने बना लिया है। पुलिस का कहना है कि इन आरोपितों की भी पतासाजी की जा रही है।

कंपनी में ऐसे तो शीर्ष स्तर पर 60 से अधिक लोग सक्रिय थे, पर इसमें 10 टाप लीडर थे। जिनके बैंक खाता का उपयोग कंपनी की लेनदेन के लिए किया जा रहा था। ये लोग राशि संकलन करने वाले तीसरे चरण के लोगों से लेनदेन किया करते थे। इनमें छह लोगों के खिलाफ पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया है, पर चार ओर हैं, जिनकी जांच की जा रही है। पुलिस ने जिन छह लोगों को नामजद आरोपित बनाया है, उनके अलावा चार ओर आरोपित हैं। नामजद किए गए आरोपितों पर भी गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है।

## खास होगा भगवान श्रीराम का विवाह उत्सव : 6 दिसंबर को राम जानकी मंदिर से धूमधाम से निकलेगी बारात

**गरियाबंद ।** आरएनएस

श्रीराम की बरात को लेकर तैयारी तेज है। शहर में जगह जगह भगवाध्वज लगाया जा रहा है कार्यक्रम को लेकर रामभक्त बेहद उत्साहित नजऱ आ रहे है।भगवान रामचंद्र जी की विवाह उत्सव मनाने नगर की मिथिला पूरी वार्ड क्रमांक 11में प्राचीन राम जानकी मंदिर वार्ड के राम भक्तों द्वारा राम जी की पूजा अर्चन कर जनक पुर कुम्हार पारा स्थित कृष्ण मंदिर में वरिष्ठ जानो के बीच पान सुपाड़ी नारियल मिठाई लेकर नारियल का आदान प्रदान व भेंट लगाकर मुंह मीठा का कार्यक्रम किया गया।वही इस वर्ष जानकी विवाह 6 दिसंबर 2024 की यह तिथि आने वाली है भगवान राम जी विवाह उत्सव पर्व पर भव्य भारत शोभा यात्रा के रूप में राम मंदिर सिविल लाईन से राधा कृष्ण मंदिर कुम्हार पारा के लिए जीवंत झांकी के साथ निकली जाएगी जहां मां जानकी के साथ स्वयंवर कर पुन:नगर के राम मंदिर में बारात वापस आएगी साथ ही सनातनी परंपरा के अनुसार चौथिया पैर धुलाई टिका वन कार्यक्रम के पश्चात आए हुवे सभी बारातियो के लिए भोजन प्रसादी के साथ बिदाई का कार्यक्रम भी होगा।आज भी वर्षो से अयोध्या धाम से विश्वहिंदू परिषद जनक पुर नेपाल के लिए 18दिवस तक का यह कार्यक्रम लगातार बारात उत्सव के रूप में मनाते आ रहे हैं।उसी परंपरा का निर्वहन करते नगर के सभी राम भक्तों व हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा यह उत्सव मनाते आ रहे हैं जिसमें नगर के विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण रहती हे।नगर अभी से तोरण पताकाओं से भगवा मय होता हुआ दिख रहा है कार्यक्रम को सफल बनाने दोनों पक्षों के कार्यकर्ता लगे हुवे हैं।

जनक पुर वासियों की ओर से खोवा सिन्हा,रमेश चक्रधारी,छोटेलाल सिन्हा,गैंद लाल सिन्हा,गोपाल सिन्हा, मुरली सिन्हा,मनोज चक्रधारी,चेतन चक्रधारी, हितेंद्र कुमार सिन्हा,हेमंत चक्रधारी,ओंकार चक्रधारी गोपाल चक्रधारी,नवीन सिन्हा,रोमी सिन्हा,उत्तम सोनी कमलेश चक्रधारी,अनिल चक्रधारी,ओमप्रकाश चक्रधारी के साथ साथ पूरे जनक पुर वासी कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे हुवे है।वहीं प्रकाश निर्मलकर जिला अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद,मनोज खरे,भानु प्रकाश राजपूत योगेश्वर निषाद,राजीव रंजन साकरे,दिलीप यादव, बाल चंद साहू, होरी यादव,ऐश्वर्य यदु,मोहित राम ठाकुर त्रिलोक देवांगन, पुष्पक देवांगन,ऋतिक सिन्हा,पंडित दीनू प्रसाद दुबे, टिकेश्वर यादव,परमानंद नेताम,प्रह्लाद सिंह ठाकुर उत्पल यादव,दीपक देवांगन,रितेश तांडी धीरेन्द्र तिवारी सहित राम जानकी महिला मंडल,सत्संग मानस परिवार के साथ साथ पूरे सिविल लाईन वासी व राम जानकी मंदिर वार्ड के सभी रहवासी भव्य भारत शोभा यात्रा को सफल बनाने में लगे हुए हैं। कार्यक्रम में नगरवासियों से अपील की जा रही हैं कि राम भक्तगण बारात में सम्मिलित होकर अपनी पुण्य सहभागिता प्रदान करेंगे।

## अवैध धान बिक्री व भंडारण के 19 मामलों में 442.60 क्विंटल धान जब्त

**रायपुर (आरएनएस)।** कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर जिले में अवैध धान की बिक्री एवं भंडारण पर कार्रवाई निरंतर जारी है। जिसके तहत 19 प्रकरणों में 442.60 क्विंटल अवैध धान की जब्ती की गई है। अवैध धान बिक्री एवं भंडारण के मामले में रायपुर जिले में सारागांव खरीदी केंद्र में वीरनारायण देवांगन, गणेश राम साहू, सौरभ ट्रेडर्स, नवापारा में अमित सोनी, पारागांव में संजय यादव, कुर्रा में हरिराम साहू, सांई ट्रेडर्स, माता राजिम ट्रेडर्स, सेम्हरा में सेवक राम साहू, तर्री में तुलाराम किराना स्टोर्स, आरंग में भरत साहू, भोथली में बंधु जनरल स्टोर्स, गुल्लू में दिनेश ट्रेडर्स, तुलसी में सोनू अग्रवाल, तरपोंगी में उमेंद्र वर्मा, मोहंदा में राम कल्याण पटेल, सरारीडीह में रामनांद देवांगन, पलौद में रूपेंद्र साहू, सातपारा में जितेंद्र यादव पर प्रकरण दर्ज किया गया है।

बता दें कि मंडी द्वारा ऐसे फुटकर व्यापारी जिनके द्वारा निर्धारित क्रय सीमा से अधिक मात्रा में धान क्रय कर भंडारित किया गया है, उन पर भी कार्रवाई की गई है। साथ ही अवैध बिक्री उपार्जन में समर्थन मूल्य एवं बोनस सहित 3100 रूपए प्रति क्विंटल का लाभ प्राप्त करने वालों के खिलाफ कृषि उपज मंडी अधिनियम के उल्लंघन पर मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरलता और आत्मीयतापूर्ण वार्तालाप ने रेलयात्रियों का जीता दिल

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की रायपुर से बिलासपुर ट्रेन यात्रा के दौरान उनकी सहजता एवं सरलता ने यात्रियों का दिल जीत लिया। उन्होंने यात्रियों से आत्मीय चर्चा के दौरान कहा कि मेरी यात्रा का उद्देश्य यही है कि मैं आमजन के मन में क्या है, उनकी सरकार से इच्छा और अपेक्षाएं क्या है,यह जान सकूं। हमारी सरकार के काम को लेकर लोग क्या सोचते हैं, इसको जानने का यह यात्रा मुझे अच्छा अवसर देगी, इसीलिए मैंने बिलासपुर जाने के लिए ट्रेन का सफर चुना। बातचीत के दौरान उन्होंने यात्रियों से कुशलक्षेम पूछते हुए सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से जुड़ी चर्चाएं भी की।

मुख्यमंत्री ने 65 वर्षीय रेखा पाली से बातचीत के दौरान उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और सरकार द्वारा आयुष्मान कार्ड के माध्यम से नि:शुल्क इलाज की सुविधा का जिक्र भी किया। इस खास मौके पर रेखा ने मुख्यमंत्री को श्रीमद्भगवद्गीता की प्रति भेंट की। मुख्यमंत्री ने भिलाई से जबलपुर की यात्रा कर रहीं यात्री 45 वर्षीय शिखा से भी बात की। उन्होंने महतारी वंदन योजना से जुड़ी जानकारी उनके साथ साझा की।

मुख्यमंत्री की इस यात्रा का सबसे रोचक संवाद 4 वर्षीय समायरा के साथ हुआ। मुख्यमंत्री ने समायरा को चॉकलेट दिया और उससे ढेर सारी बातें की। उन्होंने समायरा के आग्रह पर ऑटोग्राफ दिया। मुख्यमंत्री ने समायरा को ढेर सारा आशीर्वाद दिया और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री के साथ इस यात्रा में शामिल यात्रियों ने कहा कि हमारी यह यात्रा यादगार बन गई है।

## कार्गो वाहन के टक्कर से खड़ी बस घुसी होटल में, मची अफरा-तफरी

- घटना पसान थाना कोरबी चैकी क्षेत्र की

**कोरबा ।** आरएनएस




राष्ट्रीय राजमार्ग में लगातार दुर्घटनाएं हो रही है। चिरमिरी- कटघोरा मार्ग के भद्रा ( झिनपुरी) चैक में एक खड़ी यात्री शिव बस को कार्गो कंपनी के डाक पार्सल ने टक्कर मार दी। घटना में बस समीप एक होटल में जा घुसी। इससे वहां उपस्थित यात्रियों एवं होटल में मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। वहीं दुर्घटना में बस व होटल के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।

सूत्रों के अनुसार घटना पसान थाना के कोरबी चैकी क्षेत्र में अंतर्गत रविवार को सुबह हुई। शिव बस क्रमांक सीजी 16 एच 0209 भद्रा ( झिनपुरी) चैक के पास सवारी लेने के खड़ी थी, तभी चिरमिरी की ओर से तेज रफ्तार से आ रही कार्गो कंपनी के डाक पार्सल वाहन क्रमांक सीजी 04 एनवी 7739 के चालक अमन मिश्रा 24 वर्ष निवासी टिकुरी बत्तिस थाना, जिला रीवा मध्य प्रदेश निवासी ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि खड़ी बस एक होटल में जा घुसी।

दुर्घटना में वहां उपस्थित लोग बाल-बाल बच गए। होटल मालिक ननकु सिंह ने बताया कि होटल में बस के घुसने से नुकसान हुआ है। सूचना पर चैकी प्रभारी अफसर हुसैन खान ने अपने स्टाफ के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और बस में फंसे यात्रियों समेत चालक को स्टेरिंग से बाहर निकाला। आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा कार्गो डाक पार्सल के चालक के ऊपर हमला होने से बचा लिया। डटना में दोनों वाहन चालक घायल हो गए। पुलिस ने दोनों वाहनों के चालक को इलाज कराने कोरबी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा और मरहम पट्टी, दवाई कराने के पश्चात देवेंद्र कुमार शर्मा एवं प्रार्थी अमन मिश्रा की शिकायत पर दोनों पक्षों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।

## पुलिस ने 64 वाहन चालकों से 21100 रुपए जुर्माना वसूला

**बलौदाबाजार-रायपुर ।** आरएनएस



जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा आपरेशन विश्वास के तहत यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सख़्ती से कार्यवाही की जा रही हैं, सांथ ही जिले में सडक़ दुर्घटनाओ की रोकथाम, सुगम एवं सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था के लिए, यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने हेतु यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम मे दिनांक 24.11.2024 को यातायात पुलिस द्वारा सडक़ मार्ग में दो-पहिया वाहन में तीन सवारी, बिना नंबर के वाहन चलाने वाले, नो-पार्किंग में अपने वाहन खडा करने वाले चालकों पर सख्त कार्रवाई किया गया है। यातायात पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में दोपहिया वाहन में तीन सवारी चलने वाले 21 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 6300 समन शुल्क वसूला गया है। बिना नंबर के वाहन चलाने वाले 12 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही कर 3600 समन शुल्क, विशेष रूप से नो-पार्किंग में वाहन खडा करने वाले 20 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही कर 6000 समन शुल्क वसूल किया गया है। दिनांक 24.11.2024 को पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 64 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 21,100 समन शुल्क वसूल किया गया है। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमो के प्रति जागरूकता एवं यातायात नियमो के पालन हेतु सख़्ती से लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। पुलिस आम नागरिकों से अपील करती हैं कि आप सभी यातायात के नियमों का पालन करें एवं जिले में सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था के लिए यातायात नियमों का सदैव पालन करें। पुलिस आपकी सेवा एवं सुरक्षा हेतु सदैव तत्पर हैं।

## श्रीरामलला दर्शन योजना: रायपुर से 850 श्रद्धालु अयोध्या के लिए रवाना

- राजस्व मंत्री वर्मा और खाद्य मंत्री बघेल ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना
- श्रद्धालु काशी विश्वनाथ का भी करेंगे दर्शन



**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर शुरू की गई रामलला दर्शन योजना के तहत चलाई जा रही विशेष ट्रेन आज रायपुर रेल्वे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-07 से रवाना हुई। राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। इस विशेष ट्रेन से 850 श्रद्धालुओं का जत्था अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ। इस दौरान खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, विधायक पुरंदर मिश्रा सहित अनेक जनप्रतिनिधिगण और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

श्री रामलला दर्शन यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है। श्रद्धालुगण भगवान राम का जय-जयकार करते हुए अयोध्या धाम के लिए निकले हैं। ट्रेन में श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए भक्तिमय माहौल में रामलला के दर्शन को जा रहे हैं। रामलला दर्शन के लिए जाने वाले दर्शनार्थियों ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रामलला दर्शन के लिए योजना की शुरूआत की है। अयोध्या के दर्शन हम जैसे लोगों के लिए असंभव था, लेकिन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर आज हमें अयोध्या में रामलला के दर्शन संभव हुआ है। अयोध्या धाम की यात्रा को लेकर हमें बहुत खुशी हो रही है। अयोध्या में रामलला के भव्य और सुंदर मंदिर बनाए गए है। यात्रा के दौरान हम सभी को काशी विश्वनाथ जी के दर्शन का लाभ भी प्राप्त होगा।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक
आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यका, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।
उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियॉं की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।
मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।
पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।
अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।
पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU